(ii) निबंध के तत्त्व;

(iii) एकांकी की विशेषताएँ।

[This question paper contains 4 printed pages.]

11/5/18 Evening

Your Roll No..............

Sr. No. of Question Paper : 3871 **H**

Unique Paper Code : 52051407

Name of the Paper : Hindi 'A'

Name of the Course : **B.Com. (Prog.) CBCS**

Semester : IV

Duration : 3 hours Maximum Marks : 75

छात्रों के लिए निर्देश

1. इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए।

2. **सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।**

1. आत्मकथा **अथवा** उपन्यास के स्वरूप को स्पष्ट कीजिए। (12)

2. 'नमक का दरोगा' कहानी की प्रासंगिकता पर विचार कीजिए।

अथवा

'मलबे का मालिक' कहानी के कथ्य और शीर्षक की सार्थकता पर प्रकाश डालिए । (12)

3. 'नाखून क्यों बढ़ते हैं' निबंध के आधार पर आचार्य द्विवेदी की निबंध-शैली की विशेषताओं का उद्घाटन कीजिए ।

अथवा

निबंध के तत्त्वों के आधार पर 'साहित्य जन-समूह के हृदय का विकास है', की समीक्षा कीजिए । (12)

4. 'अंधेर नगरी' नाटक की प्रासंगिकता का विवेचन कीजिए ।

अथवा

'घीसा' की चारित्रिक विशेषताओं पर प्रकाश डालिए । (12)

5. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : (10×2=20)

(क) बाजार बांसां में उस दिन भी चहल-पहल नहीं थी; क्योंकि उस बाजार में रहने वाले ज्यादातर लोग तो अपने मकानों के साथ ही शहीद हो गये थे, और जो बचकर चले गए थे, उनमें से शायद किसी में भी

लौटकर आने की हिम्मत नहीं रही थी । सिर्फ एक दुबला-पतला 'बुढ्ढा मुसलमान ही उस दिन उस वीरान बाजार में आया और वहाँ की नई और जली हुई इमारतों को देखकर जैसे भूलभूलैया में पड़ गया ।

(ख) काल के परिवर्तन की कैसी महिमा है जो अपने साथ ही साथ मानुषी प्रकृति के परिवर्तन पर भी बहुत कुछ असर पैदा कर देता है । बाल्मीकि ने जिन-जिन बातों को अवगुण समझ अपनी कल्पना के प्रधान नायक रामचंद्र में बरकाया था, वे ही सब व्यास के समय में गुण हो गईं, जिनकी कविता का मुख्य लक्ष्य यही था कि अपना मान, अपना गौरव, अपना प्रभुत्व जहाँ तक हो सके न जाने पावे ।

(ग) वर्तमान की कौन-सी अज्ञात प्रेरणा हमारे अतीत की किसी भूली हुई कथा को संपूर्ण मार्मिकता के साथ दोहरा जाती है, यह जान लेना सहज होता, तो मैं भी आज गाँव के उस मलिन सहमें नन्हें से विद्यार्थी की सहसा याद आ जाने का कारण बता सकती, जो एक छोटी लहर के समान ही मेरे जीवन-तट को अपनी सारी आर्द्रता से छूकर अनन्त जलराशि में विलीन हो गया है ।

6. निम्नलिखित में से किसी **एक** पर टिप्पणी लिखिए : (7)

(i) संस्मरण की विशेषताएँ